**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PEROIDIC TEST-1(2018-19)**
**HINDI**

**CLASS:VII** **MAX MARKS:20**
**DATE:24/5/2018** **DURATION:45MIN.**

सामान्य निर्देश: 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

हमारा भारत वर्ष ऋतुओं का देश है।यहाँ पर प्रत्येक ऋतु अपनी प्राकृतिक शोभा के साथ आती है।सभी ऋतुओं की अपनी-अपनी विशेषताएँ और महत्त्व है, किंतु अपने मनोरम दृश्य तथा विविध उपयोगिता के कारण वर्षा ऋतु का अपना विशेष महत्त्व है। वर्षा ऋतु से पहले ग्रीष्म ऋतु आती है।पेड़-पौधे, फूल-पत्ते गरमी से मुरझा जाते हैं, नदी-तालाब सब जलहीन हो जाते हैं, लोग दुखी होकर वर्षा की प्रतीक्षा में आकाश की ओर दृष्टि लगाए रहते हैं।आषाढ़ मास के प्रारंभ होते ही आकाश में बादल छाने लगते हैं।गरम हवा ठंडी हो जाती है।मेघ गरजने लगते हैं।जैसे ही पृथ्वी पर वर्षा की बूँदें पड़ने लगती हैं वैसे ही मिट्टी की सौंधी सुगंध उठने लगती है।वृक्षों में नया जीवन आ जाता है और वे हरे-भरे हो जाते हैं।पक्षीगण कलरव करने लगते हैं।इस प्रकार वर्षा ऋतु के आने से प्रकृति को नव- जीवन मिलता है और उसका सौंदर्य और बढ़ जाता है।

प्रश्न:

(क) वर्षा ऋतु को विशेष महत्त्व क्यों दिया गया है?

(ख) गरमी के मौसम में कैसा वातावरण होता है?

(ग) 'आकाश ' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(घ) प्रकृति को नव -जीवन किसके द्वारा प्राप्त होता है?

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। 1

(क) सपताहिक (ख) ग्रहकार्य

प्रश्न 3. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। 2

(क) राम कहानी को पढ़ता है।

(ख) दीवार पर नहीं लिखो।

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 1

(क) बंधन (ख) आदर

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में से मूलशब्द, उपसर्ग / प्रत्यय अलग करके लिखिए। **2**

(क) अज्ञान (ख) जादूगर

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **2**

(क)पुलकित (ख) सहेजकर (ग) कौतूहल (घ)विस्मय

प्रश्न 7. ' मिश्री -सी मीठी ' वाक्यांश का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

प्रश्न 8.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **6**

(क) सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?

(ख) दादा जी की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी ?

(ग) पक्षी हमसे क्या चाहते हैं?

(घ) दादी माँ के स्वभाव का कौन -सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

******* समाप्त*******

**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PEROIDIC TEST-1(2018-19)**
**HINDI**

**CLASS:VII** **MAX MARKS:20**
**DATE:24/5/2018** **DURATION:45MIN**

........................................................................................................................................

सामान्य निर्देश: 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

........................................................................................................................................

प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

हमारा भारत वर्ष ऋतुओं का देश है।यहाँ पर प्रत्येक ऋतु अपनी प्राकृतिक शोभा के साथ आती है।सभी ऋतुओं की अपनी-अपनी विशेषताएँ और महत्त्व है, किंतु अपने मनोरम दृश्य तथा विविध उपयोगिता के कारण वर्षा ऋतु का अपना विशेष महत्व है। वर्षा ऋतु से पहले ग्रीष्म ऋतु आती है।पेड़-पौधे, फूल-पत्ते गरमी से मुरझा जाते हैं, नदी-तालाब सब जलहीन हो जाते हैं, लोग दुखी होकर वर्षा की प्रतीक्षा में आकाश की ओर दृष्टि लगाए रहते हैं।आषाढ़ मास के प्रारंभ होते ही आकाश में बादल छाने लगते हैं।गरम हवा ठंडी हो जाती है।मेघ गरजने लगते हैं।जैसे ही पृथ्वी पर वर्षा की बूँदें पड़ने लगती हैं वैसे ही मिट्टी की सौंधी सुगंध उठने लगती है।वृक्षों में नया जीवन आ जाता है और वे हरे-भरे हो जाते हैं।पक्षीगण कलरव करने लगते हैं।इस प्रकार वर्षा ऋतु के आने से प्रकृति को नव -जीवन मिलता है और उसका सौंदर्य और बढ़ जाता है।

प्रश्न:

(क) वर्षा ऋतु किस ऋतु के बाद आती है?
(ख) मिट्टी की सुगंध कब आने लगती है?
(ग) 'नदी ' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(घ) गरमी के मौसम में कैसा वातावरण होता है?
(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुदध कीजिए। 1

(क) श्रीमाती (ख) बांसूरी

प्रश्न 3. निम्नलिखित अशुदध वाक्यों को शुदध करके लिखिए। 2

(क) राम कहानी को लिखता है।
(ख) मेज़ पर नहीं लिखो।

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 1

(क) मिलन (ख) चेतन

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में से मूलशब्द, उपसर्ग / प्रत्यय अलग करके लिखिए। **2**

(क) सुपुत्र (ख) बुद्धिमान

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **2**

(क)निबौरी (ख) हुड़क (ग) अधित्यकाएँ (घ)संभ्रांत

प्रश्न 7. 'सन -से सफ़ेद ' वाक्यांश का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **6**

(क) हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी, पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

(ख) लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ -साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती है?

(ग) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है?

(घ) बंद पिंजरे में पक्षियों को कौन-कौन सी सुविधाएँ प्राप्त होती हैं?

******* समाप्त*******